## एक नजर में

### सर्वपितृ अमावस्या पर वृद्धाश्रमों में सामूहिक श्राद्ध व भोज कराया

**रतलाम।** सर्वपितृ अमावस्या पर रविवार को वाघेला गौ सेवा जीव दया समिति द्वारा नगर की प्रमुख महिला मंडलों और गाय की गाड़ी से जुड़ी 300 कॉलोनियों की महिलाओं के सहयोग से सामूहिक श्राद्ध कर्म का आयोजन किया गया। आयोजन में शहर के अन्नपूर्णा वृद्धाश्रम, ईश प्रेम बस्ती तथा काटजु नगर स्थित निर्मला भवन वृद्धाश्रम के वृद्धजनों ने अपने पितरों का श्राद्ध कर्म किया। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने सदस्यों के साथ मिलकर उन वृद्धजनों का भी श्राद्ध किया जिनकी मृत्यु वृद्धाश्रम में हो चुकी थी। श्राद्ध कर्म के बाद वृद्धाश्रमों के सभी वृद्धजन और गौशाला में सेवा देने वाले भक्तों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। भोज में रबड़ी के मालपुए, ड्राई फ्रूट खीर, आलू-छोले की सब्जी, उड़द-चना दाल-चावल, आलू बड़ा, रोटी-पुरी सहित अनेक व्यंजन परोसे गए। अमावस्या के उपलक्ष्य में गौशालाओं में हरा चारा भी गौमाताओं को खिलाया गया। आयोजन में दिनेश वाघेला, नंदकिशोर सोनवा, महावीर सिंह शक्तावत, बाबूलाल सिसोदिया, कैलाश सोमानी, रामबाबू यादव, राजकुमार पंजाबी, गोपाल कृष्ण मेहता, श्याम सुंदर उपाध्याय, राजू हॉकी, महेश ओझा, ईश्वर बोहरा, राजकुमार हाडा सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य मौजूद रहे। महिला मंडल की प्रमुख श्रीमती श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, आशा भट्ट, कोकिला ओझा, सोनू राठौर, रेखा शर्मा, मनोरमा शर्मा, इंदु भट्ट, शकुंतला पाठक, शकुंतला भट्ट आदि महिलाओं ने भी आयोजन में सेवा दी।

### उपस्वास्थ केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरा में शिविर आयोजित

**रतलाम।** जिला आयुष अधिकारी डॉ दाताराम जयंत के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ाकार्यक्रम के अंतर्गत उपस्वास्थ केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ विभाग एवं आयुष विभाग द्वारा सयुक्त रूप से आयुर्वेद चिकित्सा जागरूकता बीपी, शुगर, एचबी जांच की गई। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम एवं आयुर्वेद दिवस की थीम आयुर्वेद जन जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए अंतर्गत आयुर्वेद दिनचर्या एवं ऋतुचर्या संबधित जानकारी दी गई।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत केलकच्छ में शिविर आयोजित कर जानकारी दी

**रतलाम।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. दाताराम जयंत के निर्देशन में दशम आयुर्वेद दिवस का आयुर्वेद जन-जन के लिए,पृथ्वी के कल्याण के लिये थीम पर कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों का आयोजन 20 सितंबर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर केलकच्छ में किया गया। शिविर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को रक्ताल्पता, स्त्री रोग एवं सिकल सेल के बारे में बताया गया व इसकी कमी को कैसे दूर किया जाए वह बताया गया। महिलाएं तथा बालिकाओं को दिनचर्या ऋतुचार्य का पालन करना तथा मौसमी बीमारियों के बारे में समझाइए दी गई।

### शासकीय आयुर्वेद औषधालय उपलई में दशम आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया

**रतलाम।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. दाताराम जयंत के निर्देशन में दशम आयुर्वेद दिवस का आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिये थीम पर कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों का आयोजन शासकीय आयुर्वेद औषधालय उपलई में 20 सितंबर को किया गया। जिसमे ग्रामीण जनों के साथ पौधा रोपण कर औषधीय पौधों के संरक्षण हेतु शपथ ली गई एवं औषधीय पौधों का स्वास्थ्य लाभ, घरेलू उपचार, आयुर्वेद दिनचर्या एवं ऋतुचार्य संबंधी जानकारी, योग आसन प्राणायाम द्वारा स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### सेवा पखवाड़ा अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय असावती में कार्यक्रम आयोजित

**रतलाम।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. दयाराम जयंत के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असावती में को शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आयुष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयुर्वेद चिकित्सा जागरूकता, तथा हीमोग्लोबिन जांच एवं सिकल सेल एनीमिया जांचकी गई। साथ ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम तथा आयुर्वेद दिवस की थीम आयुर्वेद जन-जन के लिए - पृथ्वी के कल्याण के लिए के अंतर्गत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों की जानकारी एवं घरेलू उपचार से स्वास्थ्य लाभ, आयुर्वेद दिनचर्या एवं ऋतुचार्य संबंधी जानकारी, योग आसन प्राणायाम द्वारा स्वास्थ्य लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की।

### शक्ति पर्व का आयोजन 23-24 सितंबर को

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर 23-24 सितंबर को सायं 6 .30 बजे से विधायक सभागृह, इंडस्ट्रियल एरिया बरबड़, रतलाम में शक्ति पर्व का आयोजन किया जा रहा है। 23 सितंबर को समंदर खान मांगणियार, जयपुर के द्वारा भक्ति गायन, राजीव शर्मा उज्जैन के द्वारा मालवी गायन, कालूदास उदयपुर के द्वारा तेरहताली नृत्य, बनसिंह भाई चमायड़ा भाई राठवा, बड़ौदा के द्वारा राठ नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। 24 सितम्बर को अभिषेक निगम उज्जैन के द्वारा भक्ति गायन, पूर्नसंयोजन-शालिनी खरे जबलपुर द्वारा सती लीला नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन



**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा के कैलेंडर के अनुसार हिंदी दिवस पर 14 से 20 सितंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आकांक्षा श्रीवास्तव ने प्रथम, सलोनी कसेरा ने द्वितीय तथा शोभा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी के महत्व पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता में सलोनी कसेराने प्रथम, रहनुमा खानने द्वितीय तथा चंचल बैरागीने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शिनी लगाई गई। प्रदर्शिनी के उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ए .जी.पठान ने बताया कि महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभिन्न विषयों की बहुत सी पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस अवसर पर डॉक्टर आभा सक्सेना, प्रोफेसर संगीता जटिया, डॉक्टर सरिता बेरवा, डॉ. यशवंत सिप्रे, श्री सुदीप मेहता तथा विद्यार्थी उपस्थित हुए।

### श्रीश्रीमाल बने जिला सचिव, सकलेचा जिला मंत्री और प्रतीक लोढ़ा मीडिया प्रभारी -

**जावरा।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन की जिला इकाई में नई नियुक्तियाँ की गई। जिला सचिव शैलेश श्रीश्रीमाल, आशीष सकलेचा को जिला मंत्री तथा नगर के समाजसेवी प्रतीक लोढ़ा को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों की घोषणा संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हरण द्वारा, प्रदेश अध्यक्ष अशोकसिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुश्री सिंधु राज के मार्गदर्शन एवं संभागीय मंत्री श्री शेखर नाहर की अनुशंसा पर की गई। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन विगत कई वर्षों से समाज के वंचित वर्गों की सहायता, न्याय की रक्षा तथा मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है। श्रीश्रीमाल, श्री सकलेचा एवं श्री लोढ़ा की इस नियुक्ति पर साथियों, सामाजिक बंधुओं एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उक्त जानकारी संगठन के जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार हरण ने दी।

# मैराथन में दिखा युवाओं का जोश, उत्साह और राष्ट्रभक्ति

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार सुबह भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विशाल नमो युवा रन (मैराथन) का आयोजन किया। इसमें 5000 से अधिक युवाओं ने सहभागिता कर अपने जोश, उत्साह और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। मैराथन का शुभारंभ और समापन एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने इस मौके पर कहा कि युवाओं का यह जोश मोदी जी को और ताकत एवं बल देगा, इससे वे दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएंगे।

**मंत्री काश्यप ने कहा - यह जोश मोदी जी को बल और ताकत देगा**

**भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने दिलाया नशा मुक्त रहकर फिट रहने का संकल्प**

नमो युवा रन में युवा वर्ग प्रधानमंत्री मोदी के चित्र वाले टी-शर्ट पहने हुए थे। हजारों की संख्या में शहर की सड़कों पर जब उनका जोश उमड़ा तो, देखने वाले देखते ही रह गए। युवा रन महलवाड़ा से डालुमोदी बाजार, गणेश देवरी, धानमंडी, शहर सराय, न्यू रोड़, दोबत्ती से मेहंदीकुई बालाजी होते हुए वापस महलवाड़ा पहुंचकर सम्पन्न हुई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं को नशा त्याग कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और फिट रहने का संकल्प भी दिलाया। मंत्री श्री काश्यप के साथ मंच पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, सेवा पखवाड़ा टोली के संयोजक निर्मल कटारिया, खेल प्रकोष्ठ के संयोजक अनुज शर्मा उपस्थित रहे। नमो युवा रन ने प्रधानमंत्री जी के फिट इंडिया अभियान से जुड़ने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।





### खिलाड़ियों ने अपनी कला प्रदर्शन किया

नमो युवा रन के दौरान खिलाड़ियों ने अपनी कला प्रदर्शन भी किया। समापन से पूर्व भाजयुमो द्वारा एक लाख रु. की राशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण किये। इस दौरान लक्की ड्रा भी खोला गया। कार्यक्रम का संचालन विकास शैवाल ने किया। आभार जिला उपाध्यक्ष गौरव मूणत ने माना। इस दौरान भाजयुमो के जिला पदाधिकारी रविन्द्र पाटीदार, सिद्धार्थ कटारिया, राहुल जाधव, शुभम चौहान, संजय जाट, संजय पांचाल, राहुल पाटीदार, प्रतीक विजयवर्गीय, शिवम मूणत, सत्यजीत सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष राहुल राका, जयेश जाजोरिया, आयुष पडियार, चिराग असरानी सहित संदीप मौर्य आदि उपस्थित थे।

## हिरदाराम साहिब का 120 वा प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रतलाम सिंधी समाज की अग्रणी संस्था श्री सिंधी सनातन धर्म मंदिर (सिंधी गुरुद्वारा) के तत्वावधान में संत शिरोमणि स्वामी श्री हिरदाराम साहिब जी का 120 वां प्रकाश पर्व आज धार्मिक भावनाओं के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मनु शिवानी ने बताया कि 6 जुलाई 2025 से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के साप्ताहिक पाठो की सेवा आरम्भ की गई थी जिसका समापन 21 सितंबर को भोग एवं आस्था व श्रद्धा के साथ किया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुबह 8 बजे से सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

इस मौके पर रतलाम की प्रसिद्ध रामधुनी बहराणा मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें सभी समाजजन श्रद्धा से झूमे व भजन गाकर उत्साहपूर्वक स्वामी हिरदाराम साहिबजी का हर्षोल्लास के साथ अवतार दिवस मनाया। अखंड पाठ की सेवा रामरख्यानी परिवार द्वारा की गई। भोग पश्चात आरती की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में 84 दिवस में पाठ रखाने वाले परिवारों एवं समस्त पाठी महिलाओं को आशीर्वाद रूपी पुरस्कार देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को सफल होने पर सभी समाज जनों का आभार श्री सिंधी सनातन धर्म मंदिर (सिंधी गुरुद्वारा) के द्वारा व्यक्त किया गया जिनमें अध्यक्ष भजनलाल परमान, उपाध्यक्ष मनु शिवानी, कोषाध्यक्ष लालचंद भम्भाणी, सचिव किशनचंद त्रिलोकचन्दानी, सुखराम नौतनी, रमेश हेमनानी, मीना केवलरामानी, पूनम मोदी, मंजू परमानी, कुमकुम मोतियानी एवं समस्त सेवाधारियो ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी समाज जनों ने उत्साह के साथ गुरु का सामूहिक लंगर चखा। कार्यक्रम का सफल संचालन मनु शिवानी एवं सुंदर केवलरामानी द्वारा किया गया।



## अग्रसेन जयंती महोत्सव :महिलाओं ने बॉलीवुड थीम पर किया रैंप वॉक

**रतलाम।** श्री पंचांन अग्रवाल समाज द्वारा जयंती महोत्सव के तहत शनिवार को धनजी बाई का नोहरा स्थित श्री पंचान अग्रवाल मांगलिक भवन पर बॉलीवुड थीम पर रैंप वॉक प्रतियोगिता श्री पंचान एकता वूमेंस क्लब द्वारा आयोजित की गई। क्लब की निकिता अग्रवाल,पायल अग्रवाल व सोनू अग्रवाल ने बताया 2 ग्रुप सीनियर ओर जूनियर वर्ग मै यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें समाजजनों ने बड़ी उत्साह के साथ प्रस्तुति दी। कविता गर्ग व रिंकू अग्रवाल ने बताया क्लब की सदस्याओं द्वारा ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आकर्षक प्रस्तुति दी।जिसको उपस्थित समाजजनों द्वारा खूब सराहा गया। प्रवक्ता मितेश अग्रवाल ने बताया समाज प्रमुख शांतिलाल चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को समाज द्वारा अग्रसेन जयंती बड़ी धूमधाम और उत्साह से मनाई जाएगी। संध्या 6 बजे गोपालजी का बड़ा मंदिर माणक चौक से निकलेगी भव्य शोभायात्रा। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य चंदूलाल अग्रवाल,महेश अग्रवाल, ओम गर्ग, राजेश गोयल, विवेक अग्रवाल, ओम (आशु एसटीडी), अमित अग्रवाल, योगेश अग्रवाल ने समाजजनों से सपरिवार शोभायात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।




## डीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**रतलाम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमलावदा का जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनिता सागर ने आकस्मिक निरीक्षण कर शिक्षकों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के तहत आईजीओटी कर्मयोगी प्रशिक्षण प्राप्त करने और ''हमारे शिक्षक एप'' पर ई-अटेन्डेंस दर्ज करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनिता सागर ने ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ पौधा रोपण कर कहा कि विद्यालय परिसर को ओर अधिक हरा-भरा किया जाये ताकि स्कूल के विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण मिले व पर्यावरण में सुधार हो। इस अवसर पर आईटी सेल प्रभारी मुकेश ठन्ना, रितेश पंवार सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाऐं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 75 लाभार्थी परिवारों ने अन्नक्षेत्र में निर्धनों, असहायों को कराया भोजन

**जावरा।** सर्व पितृ अमावस्या पर 75 लाभार्थी परिवारों ने अन्नक्षेत्र रावण द्वार में निर्धनों असहायों को भोजन कराया। श्राद्धपक्ष में विगत 15 दिनों से प्रतिदिन लाभार्थी परिवारों द्वारा अपने दिवंगत सदस्यों की स्मृति में भोजन कराया जा रहा था। श्राद्धपक्ष के अन्तिम दिन सर्व पितृ अमावस्या पर 75 लाभार्थी परिवारों द्वारा अपने पितरों की स्मृति में लगभग 130 लोगो को सम्मान पूर्वक भोजन कराया गया। इस अवसर पर केकेसिंह चन्द्रावत कालूखेडा भी उपस्थित रहे। केके सिंह ने अन्नक्षेत्र परिसर में विराजित बाल हनुमान के दर्शन किये। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, महासचिव संजय दासोत के साथ सदस्य पवन पोरवाल, वीरेन्द्र खेमसरा, प्रतिदिन अपनी सेवा देने वाले सेवादारो के साथ कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे। के के सिंह ने संचालित प्रकल्पों की सराहना की।

## विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल हेतु प्रशिक्षण शिविर का समापन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रतलाम, मध्य प्रदेश के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर विगत एक माह चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मंगलेश्वरी जोशी ,स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टी पी ओ की डॉ. माणिक डांगे एवं जिला उद्यमिता विकास केंद्र के समन्वयक विजय चौरे, विषय विशेषज्ञ पूर्व लीड बैंक मैनेजर, रत्नेश सेठिया एवं राहुल व्यास रोहित पाटीदार अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। टीपीओ डॉ माणिक डांगे ने प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर के चयनित 50 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। मुख्य अतिथि विजय चौरे ने अपने वक्तव्य में कहा कि शासन द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं हेतु इस तरह के कार्यक्रम उपयोगी सिद्ध हो सकते है। अपने अनुभव भाग्यश्री प्रजापत, प्रिया लोदवाल, निधि तमशिकवाल, ममता पांचाल, झिलमिल ने साझा करते किए। सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ सुनीता श्रीमाल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. सुरेश चौहान, डॉ. बी वर्षा, डॉ मीना सिसोदिया, डॉ. संध्या सक्सेना, डॉ. अनामिका सारस्वत, डॉ मधु गुप्ता, डॉ. वीएस बामनिया, प्रो नीलोफर खामोशी उपस्थिति रहीं।

## 80 फीट फोर लेन डिवाईडर पर किया पौधा रोपण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शासन निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलाये जा रहे ''सेवा पखवाड़ा'' अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल 80 फीट फोर लेन सेंटर डिवाईडर को हरा भरा बनाये जाने हेतु पौधा रोपण किया।

**महापौर ने ''सेवा पखवाड़ा'' अभियान तहत किया कार्य प्रबंभ**

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी, पार्षद देवश्री पुरोहित, परमानंद योगी योगेश पापटवाल, विवेक शर्मा, भावना गुर्जर, धर्मेंद्र सिंह देवड़ा दीपकराज पुरोहित,राहुल रांका, अनुज शर्मा, जयेश वसावा, राजेश माहेश्वरी, राजेंद्र सोलंकी, अखिलेश पांड्या, सोनू नेका, इंदु मईडा, वैशाली राणावत, संजय सांखला, हरीश यादव, प्रदीप राव, बद्रीलाल प्रजापति, अभय कांबली, अरविंद मिश्रा, चंद्रेश राजोरा, शिवम राजपुरोहित, शुभम टॉक, बंटी चौहान,कैलाश पंवार, पीयूष निगम, अशोक हरोर, अर्चना शर्मा, शीतल पंचाल सहित क्षेत्रवासी,उद्यान विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।



### पृथ्वी के कल्याण थीम पर कार्यक्रम

जिला आयुष अधिकारी डॉ. दाताराम जयंत के मार्गदर्शन में शासकीय औषधालय रत्तागढखेडा द्वारा आयुर्वेद जन जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर 20 सितंबर को शास. हाई.स्कूल रत्तागढखेडा व ग्राम पंचायत मे ग्रामीण जन को दशम आयुर्वेद दिवस के बारे मे जानकारी दी। औषधीय पौधों के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

## नीरागरसाजी के गुणों की जितनी अनुमोदना की जाए वो कम है : डॉ अमृतरसा श्रीजी

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** व्यवहार जगत में शिक्षक एक होता हे और छात्र अनेक वह होता हे एजुकेशन ,किन्तु जब शिक्षक अनेक हो और छात्र एक तो उसे शतावधान कहते है। दो सो व्यक्तियों द्वारा बोले गए अलग अलग शब्द, पद और वाक्य को एक ही बार सुनकर उनकोअनुक्रम से अनानुक्रम से और पश्चानुक्रम से प्रस्तुत करने की क्रिया है शतावधान, आज विश्व पूज्य गुरुदेव की क्रियोद्धार भूमि जावरा में द्विशतावधान का यह अदभुत और सुनहरा अवसर आया है। साध्वी भगवंत निरागरसा श्रीजी ने इस कार्यक्रम में अपनी अदभुत स्मरण शक्ति और ज्ञान शक्ति का अनुपम उदाहरण आप सब के सम्मुख प्रस्तुत किया है। जिन शासन में एसे बिरले साधु साध्वी भगवंत होते है जो अपनी अमिट छाप इस दुनिया मे छोड़ जाते है, ऐसी ही साध्वी श्री नीरागरसाजी के गुणों की जितनी अनुमोदना की जाए वो कम है। निसंदेह उन्होंने आज अपनी प्रतिभा से जिनशासन का गौरव बढ़ाया है। यह उदगार साध्वी भगवंत डॉ अमृतरसा श्रीजी ने ग्रैंड पदमा रिसोर्ट में द्विशतावधान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए कही। श्रीसंघ मीडिया प्रभारी अरविंद जैन एवं अतुल सुराणा ने बताया कि सुबह 8 बजे से ही लोगों का जमावड़ा इस कार्यक्रम हेतु लग गया था। रिसोर्ट का पूरा हाल लोगों से खचाखच भर गया था। पूरे शांत वातावरण में साध्वी भगवंत श्री निरागरसा श्रीजी ने एक बार में ही 200 अलग अलग लोगों द्वारा दिए गए प्रश्नों को सुनकर अपने अंतर्मन में समाविष्ट कर लिया एवं उसके बाद उन्होंने उन्हीं प्रश्नों के उत्तर बगैर देखे बगैर रुके सीधे क्रम में उल्टे क्रम में तथा लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों को सबके सम्मुख नंबर वार बताकर सभी को हतप्रभ कर दिया।




**आक्रोश** | सनातन धर्म के खिलाफ प्रचार से समाज ने आयोजक के विरुद्ध थाने में की शिकायत

## सनातन धर्म के खिलाफ प्रचार से फूलमाली समाज में रोष, पटेल सहित महिला पर कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** कांग्रेस नेता मांगू पटेल द्वारा भ्रामक जानकारी देकर फूलमाली समाज की श्रीराम मंदिर बडा मालीपूरा स्थित धर्मशाला बुक कराने से समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। समाजजनों ने इस मामले में शहर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आयोजक पटेल व अन्य के विरुद्ध कडी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पटेल कॉलोनी निवासी कांग्रेस नेता मांगू पटेल ने फूलमाली समाज की बडामाली पूरा स्थित धर्मशाला अपने नाम से यह कहकर बुक कराई थी कि सत्संग का आयोजन किया जाना है। जब रविवार को दोपहर समाज के गणमान्य लोगों को पता चला कि धर्मशाला में सत्संग के बजाय कथित संत रामपाल के वीडियो एलईडी पर महिला-पुरुषों को दिखाए जा रहे हैं। उन्हें सनातन धर्म के विरुद्ध भडकाया जा रहा है। इस पर फूलमाली समाज के कई लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि आयोजक मांगू पटेल वहां मौजूद रहकर ग्रामीण क्षेत्रों से आई जनता को रामपाल के सन्देश एलईडी पर दिखा रहे थे।

समाज के लोगों ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में सनातन धर्म विरोधी गतिविधियां संचालित की जाने से फूलमाली समाज में आक्रोश व्याप्त है। थाना प्रभारी जितेन्द्रसिंह जादौन को दिए ज्ञापन में पटेल के साथ ही बड़ामाली पूरा निवासी एक महिला के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।



### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर घनश्याम सोलंकी, गोवर्धन पटेल, नन्दन पटेल, फीरचंद मौर्य, चंद्रप्रकाश सोलंकी,कमलेश दय्या, नन्दकिशोर महावर,संदीप देवडा, लक्ष्मी नारायण सोनगरा, लोकेश विजवा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।